
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# 1952 मे रिलीज़ हुई थी पहली भारतीय वर्ल्डवाइड फिल्म ‘आन’, 28 देशों मे हुंआ था प्रदर्शन।

Publisher

Published on 25 Jun 2025




## 73 साल पहले दिलीप कुमार की फिल्म ‘आन’ बनी थी पहला भारतीय वर्ल्डवाइड हिट, 17 भाषाओं मे दिए गए थे सबटाइटल्स।

**नई दिल्ली, जून 2025:** आज जब कोई बॉलीवुड या **साउथ इंडियन फिल्म 100 करोड़** के क्लब में पहुंचती है और दुनियाभर के सिनेमाघरों में धूम मचाती है, तो हमें लगता है कि भारतीय फिल्मों का ग्लोबल सफर अभी हाल ही में शुरू हुआ है। लेकिन हकीकत इससे बहुत अलग है। आज से **73 साल पहले, साल 1952** में, एक भारतीय फिल्म ने विदेशी बाजार में ऐसा कमाल किया था जिसे आज भी याद किया जाता है।

यह फिल्म थी ‘**आन**‘, जिसमें **दिलीप कुमार** और **निम्मी** मुख्य भूमिकाओं में थे। इस फिल्म ने इतिहास रचते हुए **17 भाषाओं मे सबटाइटल्स** के साथ **28 देशों मे रिलीज़ होकर भारत की पहली वर्ल्डवाइड रिलीज़ फिल्म** का दर्जा प्राप्त किया था।

**दिलीप कुमार की ‘आन‘ बनी थी पहली वर्ल्डवाइड हिट फिल्म**

**महबूब खान** के निर्देशन में बनी यह फिल्म **1952** में भारत में रिलीज़ हुई थी। खास बात ये थी कि ये फिल्म ना सिर्फ देश में हिट रही, बल्कि विदेशों में भी इसने जबरदस्त कमाई की। उस दौर में, जब ना तो सोशल मीडिया था और ना ही ग्लोबल प्रमोशन के बड़े-बड़े प्लेटफॉर्म, फिर भी इस फिल्म को दुनियाभर के 28 देशों में रिलीज़ किया गया।

इसके लिए फिल्म को **17 अलग-अलग भाषाओं मे संबटाइटल्स** भी दिए गए थे, ताकि हर देश के दर्शक इसे आसानी से समझ सकें। ये अपने आप में उस दौर के लिए एक क्रांतिकारी कदम था।

### 28 देशों मे चंला जादू, कमाई भी जबरदस्त

'**आन**' को **यूरोप, मध्य पूर्व** और **एशिया** के कई देशों में दिखाया गया। विदेशी बाजार में फिल्म की लोकप्रियता इतनी बढ़ी कि यह न केवल **भारत की पहली वर्ल्डवाइड रिलीज फिल्म बनी**, बल्कि उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में भी शामिल हो गई।

### आज से अलग था तब का समय

आज कोई भी बड़ी फिल्म वर्ल्डवाइड रिलीज़ होना आम बात है, लेकिन 1952 में यह बेहद असाधारण बात थी। तब न तो **इंटरनेशनल डिस्ट्रीब्यूशन** का मजबूत सिस्टम था, और न ही **डिजिटल सपोर्ट**। इसके बावजूद '**आन**' जैसी फिल्म ने वो कर दिखाया, जो उस समय के लिए कल्पना से परे था।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.